सोशल नेटवर्किंग पर समय बिताने का झटका

अगर आप फेसबुक जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट पर बहुत ज़्यादा समय बिताते हैं तो तब आपको बहुत बुरा लग सकता है जब आपको बिजली का झटका लगेगा। पॉवलोव पोक इसमें आपकी मदद कर सकते हैं।

यह सिस्टम एक मज़ाक के तौर पर डिज़ाइन किया गया था, लेकिन यह बहुत ही गंभीर संदेश भी है कि हम बहुत ज़्यादा समय इंटरनेट पर बिताते हैं और यदि आप एक ही वेबसाइट या एप्लिकेशन पर बहुत ज़्यादा समय तक रहते हैं तब यह सिस्टम आपको की-बोर्ड की मदद से छोटा-सा इलेक्ट्रिक शॉक दे सकता है। यह झटका नुकसानदायक नहीं है लेकिन आपको चेताने के लिए काफी है। कुछ शोधकर्ताओं का दावा है कि सोशल मीडिया साइट की लत सिगरेट और एल्कोहल की तरह ही है। फेसबुक व अन्य बिजनेस मॉडल्स की डिज़ाइन ही इस तरह बनाई गई है कि आपको इनकी लत लग जाती है।

मैसाच्यूसेट इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के पीएच.डी. छात्र रॉबर्ट मॉरिस और डेन मैकडफ कहते हैं कि इन सोशल मीडिया साइट्स पर बहुत ज़्यादा समय बरबाद होता है और समय रहते शॉक देने का सिस्टम हमारे लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है।

यह सेटअप सॉफ्टवेयर की मदद से निगरानी करता है कि कौन-सा एप्लीकेशन चल रहा है। एक ही एप्लीकेशन पर टिके रहने पर यह इलेक्ट्रॉनिक यंत्र को संकेत भेजता है और की-बोर्ड के मेटल पैड पर करंट आ जाता है। यदि व्यक्ति के हाथ उस पैड पर आराम फरमा रहे हैं, तो उसे एक झटका लगता है। ***(स्रोत फीचर्स)***